प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

06.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निगम को नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड और उभरती प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने से सुशासन के साथ–साथ पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि निगम ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान वित्तीय प्रबंधन में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 8 करोड़ 16 लाख रुपये का कुल लाभ अर्जित किया है और वित्त वर्ष 2022–23 में निगम का कुल राजस्व 2 सौ करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कल रामपुर बुशैहर स्थित गोविंद बल्लभ पीजी महाविद्यालय में ननखड़ी एसोसिएशन के सांस्कृतिक कार्यक्रम ठिरशु में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ननखड़ी क्षेत्र में महाविद्यालय स्थापित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए एक करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। रोहित ठाकुर ने रामपुर उपमण्डल में शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द भरने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने रामपुर महाविद्यालय के सभागार के लिए 25 लाख देने की घोषणा और पुस्तकालय व जनजातीय छात्रावास को सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया।

आर एस बाली

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर एस बाली ने कहा कि सौर उर्जा के क्षेत्र में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इसके तहत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए युवाओं को 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा दोहन के साथ–साथ प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस नवोन्मेषी पहल से हिमाचल देश में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने वाला अग्रणी प्रदेश बन गया है।

गोपालपुर चिड़ियाघर

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने कहा कि गोपालपुर स्थित चिड़ियाघर यथावत इसी स्थान पर रहेगा। उन्होंने स्थानांतरण की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि गोपालपुर चिड़ियाघर को कहीं स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि बनखंडी के साथ–साथ गोपालपुर में भी चिड़ियाघर कार्यशील रहेगा। बुटेल ने कहा कि जिला कांगड़ा के बनखंडी में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का जू बनाने का फैसला पर्यटन की दृष्टि से जिला के लिए ऐतिहासिक निर्णय है।

गोविंद सिंह ठाकुर

पूर्व मंत्री गोबिंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कुल्लू से मनाली तक व्यास नदी किनारे स्टोन क्रशर्स अपने चहेतों को आबंटित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नदी किनारे से रेत उठाने में धांधली की जा रही है। कुछ चुनिंदा स्थानों से प्रशासन द्वारा 30 सितंबर तक रेत उठाने के आदेश दिए गए थे। बावजूद इसके अभी भी रेत निकाली जा रही है। स्टोन क्रेशर को बंद करने के कारण प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह के कार्य करना बंद करें अन्यथा विपक्ष को आंदोलन का रुख अपनाना पड़ेगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने कन्या भ्रूण हत्या रोके जाने से संबंधित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **परिवार नियोजन प्रोत्साहन राशि बढ़ाई छह गुना, एक बेटी पर मिलेंगे दो लाख। पंजाब केसरी** और **हिमाचल दस्तक** का लगभग एक जैसा शीर्षक है **हिमाचल में एक बेटी पर 2 लाख व 2 बेटियों पर मिलेंगे एक लाख। दिव्य हिमाचल** की सुर्खी है **एक बेटी पर परिवार नियोजन अपनाने पर मिलेंगे दो लाख। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **हिमाचल में पहली बेटी होने पर 2 लाख, दूसरी बेटी होने पर मिलेंगे एक लाख। दैनिक जागरण** ने लिखा है **एक बेटी वाले परिवार को मिलेंगे दो लाख।**

तबादलों से जुड़ी खबर को **आपका फैसला** ने शीर्षक दिया है **जितेंद्र सांजटा को राज्य चयन आयोग के प्रशासनिक अधिकारी का कार्यभार सौंपा। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **जितेंद्र सांजटा चयन आयोग के एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारी होंगे।**

अमर उजाला के अनुसार **नवरात्र में प्रदेश कैबिनेट का हो सकता है विस्तार।**

क्रिप्टोकरंसी मामले से जुड़ी खबर को **दैनिक सवेरा टाइम्स** ने शीर्षक दिया है **ई डी ने भी पुलिस से रिकार्ड मांगा।**